Title: Requested to provide telephone facilities to the villagers of Gujarat, especially those in Bhavnagar District.

श्री रतिलाल वर्मा (धन्धुका) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं दूरसंचार मंत्री से निवेद करना चाहता हूं कि भावनगर जिला के बोटाद, गढ़ड़ा, उमराला, बल्ल्भीपुर, घोलका, धंधुका, राणजपुर, बरबाला, आणंद, बावला पिरमगांव, मींडल, कटोसण, देगोज आदि गांवों में टेलीफोन प्राप्त करने के लिए चार साल से प्रतीक्षा सूची बनी हुई है।

फिर भी उनको टेलीफोन कनेक्शन नहीं मिले। इसकी वजह एक ही है कि उनको जो अंडरग्राउंड केबल चाहिए, उसकी कमी है। माननीय मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि गुजरात के गांव-गांव तक टेलीफोन पहुंचाने के लिए जो अंडरग्राउंड केबल दी जाती है, उसका कोटा बढ़ाया जाये। इसके साथ-साथ जो नये टेलीफोन एक्सचेंज खुल रहे हैं, उनको जल्द से जल्द पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराये जायें ताकि आज गुजरात के प्रत्येक गांव वाले टेलीफोन की सुविधा प्राप्त कर सकें । मैंने जो क्षेत्र गिनाये हैं, वे दिन प्रतिदिन व्यवसाय की दृटि से, व्यापार की दृटि से आगे बढ़ रहे हैं। इसीलिए धोलका, धंधुका, बावला, साणंद, बोटाद, वल्ल्भीपुर आदि सभी क्षेत्रों में जल्द से जल्द टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराई जाये।

श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चिखलिया(जूनागढ) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं भी अपनी बात इसी के साथ जोड़ते हुए कहना चाहती हूं कि पूरे गुजरात में जितना ऑप्टिकल फाईबर केबल चाहिए, उतना नहीं मिल रहा है। मंत्री जी यहां उपस्थित हैं। हम आपके माध्यम से उनका ध्यान इस तरफ दिलाते हुए कहना चाहते हैं कि वे ऑप्टिकल फाईबर केबल को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान करें।